an>

Title: Need to implement Uniform Civil Code in the country.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) : धन्यवाद उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान समान नागरिक संहिता (कॉमन सिविल कोड) को पूरे देश में जल्द से जल्द लागू कराने के संबंध में दिलाना चाहता हूं। समान नागरिक संहिता (कॉमन सिविल कोड) के लिए हमारे संविधान में भी प्रावधान है, आर्टिकल 44 में समान नागरिक संहिता में स्पष्ट प्रावधान किया गया है।

देश की अखंडता और एकता के लिए समान नागरिक संहिता जरूरी है, इसलिए इसे तुरंत लागू कराने की जरूरत है। हमारी पार्टी शिवसेना और हमारे अन्य साथी भी इसे लागू करने के पक्ष में हैं। हमारी मांग है कि हिन्दुस्तान में हर धर्म, सम्प्रदाय के लोगों के लिए एक कानून होना चाहिए, इसलिए एक समान नागरिक संहिता जरूरी है। कानून के रास्ते धर्म और सम्प्रदाय विशेष को समान नजर से देखा जाना चाहिए। वर्ष 1986 में शाहबानो मामले में ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Hon. Member, you have already stated all that you wanted to mention here.

...(*Interruptions*)

श्री चन्द्रकांत खैरे : मैं आधे मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। वर्ष 1986 में शाहबानो के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक स्पष्ट और ऐतिहासिक फैसला दिया है, परन्तु तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने ...(व्यवधान)